आकाशवाणी श्री विजयपुरम

09.07.2025 समय : 1850

- ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।
- कनेक्ट बंगाल–4 पर्यटन कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यटन और नेटवर्किंग के लिए पर्यटन हितधारक हुए एकत्र।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की नवीनतम मतदाता सूचियों के आधार पर नगरपालिका मतदाता सूचियों का होगा संशोधन।
- द्वीपसमूह के दो और उभरते शतरंज खिलाड़ी श्रीधर जी और नन्दिनी ने FIDE रेटिंग हासिल की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान "द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस" से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस विशिष्ट सम्मान के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का सरकार और देशवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों के साथ–साथ भारत और ब्राजील के बीच मित्रता के स्थायी संबंधों का सम्मान है। राष्ट्रपति लूला भारत–ब्राजील रणनीतिक साझेदारी के निर्माता रहे हैं और यह पुरस्कार द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के उनके अथक् प्रयासों के प्रति सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दोनों देशों के लोगों को अपने मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति श्री लुला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाँच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुँचे। श्री मोदी नामीबिया में राष्ट्रपति डॉ. नेतुम्बो नंदी–नदैतवा के निमंत्रण पर वहां गए हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली यात्रा है और लगभग तीन दशक के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की नामीबिया की यह तीसरी यात्रा है। विंडहोक पर प्रधान मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारत और नामीबिया के बीच स्टेट हाउस में ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्यूटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नामीबिया के संस्थापक और प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने में उनके योगदान के सम्मान में नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह उनका किसी राष्ट्र द्वारा किया गया सत्ताईसवाँ सर्वोच्च सम्मान होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नामीबिया की संसद में भाषण देंगे।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष मोहन विनोद के नेतृत्व में एक दिवसीय पर्यटन कार्यक्रम 'कनेक्ट बंगाल–4' में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष ने किया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रमुख पर्यटन हितधारक एकत्रित हुए और नेटवर्किंग, व्यावसायिक चर्चाओं और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। पच्चीस सदस्यों के दल के इस कार्यक्रम में अंडमान द्वीपसमूह की समृद्ध पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित किया गया और नए अवसरों की खोज की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की नवीनतम मतदाता सूचियों के आधार पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के संबंध में मतदाता सूची का संशोधन किया जाना है, जिसके तहत मतदाता सूची का प्रारूप तैयार करना, ड्राफ्ट रोल की छपाई, ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन, सुझाव और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि, सुझाव और आपत्तियों का निपटान, मतदाता सूची की तैयारी और मुद्रण और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्टरीकरण अधिकारी द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्राप्त की जाएगी।

<><><><><><><>

भारतीय हज समिति, मुंबई ने हज–दो हजार छब्बीस की घोषणा कर दी है। द्वीपसमूह के नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन स्वयं हज समिति की वेबसाइट hajcommittee.gov.in और मोबाइल एप्लिकेशन HAJ SUVIDHA" पर ऑनलाइन जमा करें। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राज्य हज समिति ने एच ए एफ को ऑनलाइन जमा करने में हाजियों की सहायता के लिए एक ई–सुविधा केंद्र भी स्थापित किया है। आवेदक हज आवेदन पत्र भरने से पहले हज–दो हजार छब्बीस के लिए नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। आवेदक के पास आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया भारतीय–अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट होना चाहिए तथा यह कम से कम इक्कतीस दिसंबर, दो हजार छब्बीस तक वैध रहना चाहिए। हज यात्रियों की मृत्यु या गंभीर चिकित्सा बीमारी के मामले को छोड़कर किसी भी आधार पर हज यात्रा रद्द करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक हज यात्री कार्यालय समय के दौरान इक्कतीस जुलाई तक गोलघर, श्री विजयपुरम में समाज कल्याण भवन निदेशालय की राज्य हज समिति के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग निदेशालय के सहयोग से ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन करेगा। कार्यक्रम में नारियल के खोल से हस्तशिल्प का निर्माण, पत्तों, कॉयर, नारियल से हस्तशिल्प का निर्माण, शंख, फास्टफूड स्टाल, ब्यूटीशियन कोर्स, मुर्गीपालन या डेयरी पालन के विभिन्न वर्गों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इन सभी प्रशिक्षण की अवधि पंद्रह से एक महीने की होगी। इच्छुक व्यक्ति जो भविष्य में आजीविका के साधन के रूप में स्व–रोज़गार उद्यम को अपनाना चाहते हैं, वे किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय के दौरान अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। दक्षिण अंडमान के बाहर रहने वाले उम्मीदवार अपने–अपने क्षेत्र में उद्योग विभाग के विस्तार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन पत्र प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

<><><><><><>

आज फिर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब दो उभरते शतरंज खिलाड़ियों ने FIDE रेटिंग हासिल की। राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हैडो –अंग्रेजी माध्यम के श्रीधर जी. और पी एम श्री राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बम्बूफलाट की नंदिनी ने इक्कीसवें दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन दो हजार पच्चीस में भाग लिया था, जिसमें दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया और इसी के आधार पर दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को FIDE रेटिंग्स में जगह मिली। श्रीधर ने 1485 की FIDE मानक रेटिंग के साथ शुरुआत की, जबकि नंदिनी ने 1471 पर अपनी प्रारंभिक FIDE रेटिंग हासिल की है। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के महासचिव ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पी एम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गाराचरमा, टेलराबाद और विम्बलीटान के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पद्मश्री पुरस्कार विजेता और अंडमान निकोबार द्वीप समूह के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चंद्र लाल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बरसात के मौसम में मलेरिया और अंडमान वायरल बुखार जैसी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतें। श्री लाल ने विद्यार्थियों को खेलकूद में भाग लेने पर जोर दिया तथा प्राथमिक वर्ग से प्रेरक कहानियां पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी ग्यारह जुलाई को जी एस एस एस मॉडल स्कूल में श्री विजयापुरम् मुख्यालय क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के लिए सूर्य नमस्कार चुनौती का आयोजन करने जा रहे हैं। सभी इच्छुक प्रतिभागियों, अभिभावकों और संस्था प्रमुखों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों के नाम दस जुलाई से पहले अपने संस्था प्रमुख के माध्यम से भेज दें। अधिक जानकारी के लिए सहायक पर्यवेक्षक –खेल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, दक्षिण अंडमान से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>